# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 अप्रैल 2025 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- रिजर्व बैंक ने इस साल लगातार दूसरी बार घटाई रेपो दर। आटो और होमलोन होंगे सस्ते।
- प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत बढ़ाया : एक जनवरी दो हजार पचीस से मिलेगा बढ़ हुआ महंगाई भत्ता। 16 लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित।
- कल वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने जांची तैयारी।
- अक्षय तृतीया पर अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा राम दरबार।
- प्रदेश के कई पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में बदला मौसम का मिजाज। तेज हवाओं और चमक के बीच बारिश से नीचे आया तापमान।

**********

रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में पचीस आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर छह प्रतिशत हो गई है। रिजर्व बैंक ने इस साल लगातार दूसरी बार रेपो दर घटाई है। इससे पहले फरवरी में रेपो दर कम की गई थी। रेपो दर वह ब्याज दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंको को अल्पकालिक कर्ज देता है। जब आरबीआई इस ब्याज दर मे ंकटौती करता है तो बैंको को सस्ता दर मिलता है। इसके बाद बैंक भी सस्ते ब्याज दर पर लोन देने लगते है। इस फैसले से आने वाले दिनों में आटो और होमलोन सस्ते हो सकते हैं। ईएमआई भी कम होगी। आर्थिक विशेषज्ञ ए के भट्टाचार्या ने बताया कि रेपो दर में ये बदलाव महत्वपूर्ण है–

**रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का बिम्स्टेक समीक्षा में जो निर्णय लिया गया है वह काफी महत्वपूर्ण इसलिए है ना की रेपो रेट जो है वह 25 बेसिस पॉइंट्स घटाया गया है पर उसकी जो स्टैंड जो है कि कौन जो है वह बदल गई है अगर इन्फ्लेशन और ग्रोथ रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के अनुसार चले तो और भी रेट कट हो सकते हैं। ग्रोथ में उन्होंने जो स्टीमेट दिया है वह एक घटाने का एस्टीमेट हुआ है अब रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने यह समझा है कि क्योंकि बाहर की जो अमेरिका में जो हो रहा है विश्व में जो ट्रेड की जो गतिविधियां हो रही है उसके अनुसार भारत की जो वृद्धि दर है, वह छह दशमलव पांच प्रतिशत होगी। मैं समझता हूँ कि यह अच्छी और रियलिस्टिक डिसीजन है और इन्फ्लेशन में एक बहुत एक आशा का संचार यह है कि जो इन्फ्लेशन रेट जो है वह पूरे साल के लिए 4ः के नीचे रखने की उम्मीद रखते हैं।**

**********

केन्द्र की तर्ज पर प्रदेश सरकार ने भी कल सोलह लाख राज्य कर्मिचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत बढ़ा दिया है। राज्य कर्मचारियों को अब तिरपन प्रतिशत के बजाय पचपन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता एक जनवरी दो हजार पचीस से दिया जाएगा। राज्य कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान अप्रैल के वेतन के साथ मई में होगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई देते हुए कहा है कि राज्य कर्मचारियों के हितों का संरक्षण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी आएंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कल वाराणसी पहुंच कर तैयारियों की समीक्षा की। वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा, पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य सचिव ने युद्ध स्तर पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

**ये वीवीआईपी विसित शेड्यूल्ड है ये ग्यारह तारीख के लिए और उसमें लाव एंड ऑर्डर सिक्योरिटी की व्यवस्था जो लोग आएँगे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उनको समय पे वहाँ पहुँचने और बाकी सारी सिक्योरिटी की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए हम लोग यहाँ पर आए हुए थे और कमिश्नर साहब और सभी डिपार्टमेंट के ऑफिसर्स के साथ बैठक हुई और सभी तैयारियां लगभग पूर्ण है और काफी मुस्तैदी के साथ जिला प्रशासन इस कार्यक्रम को अंजाम देगा।**

इस दौरान मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने पुलिस लाइन में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन का उद्घाटन किया। साथ ही वाराणसी के पुलिस व्यवस्था को सुदृण करने के लिए फैंटम दल को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कल कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दी है। इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निर्देशित क्लस्टर में सिंचाई के लिये जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है।

***सीरीज ओएफ डिसीजन्स लिए गए हैं प्रधानमंत्री मोदी जी की इस हिस्टोरिक थर्ड टर्म में जिसमें किसानों की जिंदगी में किसानों की खेती करने के तरीके में एक मूल चूल एक मजोर परिवर्तन आए उसमें  एक बहुत इम्पोर्टेंट स्कीम। जो की सब स्कीम है पीएम कृषि सिंचाई योजना का सब स्कीम है वो अप्रूव की गयी है और ये पायलट प्रोजेक्ट हैं। करीब आईटी थाउजेंड फमर्स के साथ स्टार्ट करेंगे इसको और स्टार्ट करके फिर उसका जो अनुभव आएगा उसके हिसाब से इसका आगे फैसला लिया जाएगा।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना को लेकर लिये गये फैसले पर आभार जताया है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मनोरंजन, दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार अगले महीने मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि वेव्स भारतीय कलाकारों को अपनी सामग्री बनाने और उसे वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए सशक्त बनाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती जैन तीर्थंकरों की पावन भूमि रही है। सभी तीर्थंकरों का जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र आज भी हम सबके लिये प्रेरणा बना हुआ है।

***नौकार महामंत्र आज भी हम सब के लिए एक नई प्रेरणा बनी हुई है। दुनिया के अंदर न केवल जैन परंपरा को मानने वाले बल्कि उस हर भारतीय के मन में जिसने सभी पूज्य तीर्थंकरों के उपदेशों से प्रेरणा लेकर के जीवन जीने की इस कला को आगे बढ़ाया है, उन सभी से प्रेरणा लेने का कार्य करता है।***

**********

अक्षय तृतीया पर तीस अप्रैल को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार को प्रथम तल के गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा। मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा में छह मंदिरों की स्थापना होगी। इनमें सूर्य, भगवती, अन्नपूर्णा, शिवलिंग, गणपति और हनुमान जी की मूर्तियां शामिल हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पन्द्रह अप्रैल के बाद जयपुर से इन मूर्तियों को अयोध्या लाने का काम शुरू होगा। जून में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा।

***हमारा सुझाव विचार है की तीस अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन राम दरबार को अपने स्थान पर प्रवेश करा दे। पहली मंजिल का गर्भ गया। ये सब तैयारियाँ है। तब अपने स्थान पर स्थापित हो जाएँगी। तब जून वास में कोई दिन सोचेंगे। सभी ट्रस्टी आ जायेंगे और एक साथ प्राण प्रतिष्ठा कर दी जाए। प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन तीन दिवसीय होगा। जो भी प्रमुख दिन तय होगा उसके दो दिन पहले से शुरू करेंगे। जलवास अन्न वास, औषधिवास, शय्या वास लेकिन जून में इस काम को अवश्य ही सम्पन्न करेंगे।***

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मनाए जा रहे महावीर जयंती की प्रदेश वासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान महावीर स्वामी का अंहिसा, सत्य अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य का संदेश सम्पूर्ण मानवाता के लिए प्रेरणा स्रोत  है।

**********

प्रदेश भर में लगातार कई दिनों से जारी भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिली है। कल शाम से लेकर आज सुबह तक प्रदेश के कई पश्चिमी और पूर्वी इलाकों में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवाओं और चमक के बीच बारिश होने से तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। हांलाकि जहां गेहूँ की कटाई नही हो पाई है, वहां किसान चिन्तित हैं। गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, इटावा में तेज हवा के साथ बारिश हुई है, तो वहीं अमरोहा में  ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा।

**********